● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 92, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 08 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




दिल्ली के रण में उतरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं मनोज 5

सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद 6

## आपके एक वोट ने भारत का दबदबा दुनिया में बढ़ाया: मोदी

### पीएम ने निमाड़ की धरती पर निमाड़ी में पूछा हालचाल, नर्मदे हर को लेकर दिया नया नारा

**खरगोन।** देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बीच मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के खरगोन नगर में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी के साथ मंच पर खरगोन लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल और खंडवा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल साथ थे।



पीएम मोदी ने निमाड़ की धरती पर अपने भाषण की शुरुआत निमाड़ की प्रसिद्ध देव तुल्य नदी मां नर्मदा के जयकारे लगाकर की। तो वहीं उन्होंने मंच से एक नया नारा भी दिया। उन्होंने कहा कि मैं कहूंगा नर्मदे आप लोग कहेंगे सर्वदे। इसके बाद उन्होंने निमाड़ी बोली में ही जनता का अभिवादन करते हुए उनसे हाल-चाल जाना। पीएम मोदी ने अपनी उंगली पर मतदान का निशान दिखाते हुए जनता से कहा कि देश में आज तीसरे चरण का मतदान है और वे भी सुबह-सुबह लोकतंत्र में एक नागरिक होने के नाते मतदान करके ही आये हैं। इसके बाद उन्होंने देश भर के नागरिकों से अपील की कि गर्मी है जरूर, लेकिन इसके बावजूद बड़े उत्साह उमंग परिवार और गाजे बाजे के साथ भारी संख्या में मतदान करने जरूर जाएं।

वहीं, उन्होंने निमाड़ की धरती पर ओंकारेश्वर महादेव और माता अहिल्या को सर झुकाकर प्रणाम करते हुए कहा कि क्षेत्र में आना सौभाग्य से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन की तरफ से उन्हें मध्यप्रदेश में कई बार काम करने का अवसर मिला था और उन्होंने लंबे अरसे तक संगठन का काम किया है और जब उन्हें कई बार 10:00 बजे के समय कार्यक्रम को कराने का कहा जाता था तो यह लोहे के चने चबाने के समान होता था। इसके बावजूद माता और बहनों ने इतनी बड़ी संख्या में उनकी रैली में आकर गजब कर दिया है और इसके लिए उन्होंने पार्टी के सभी लोगों को बधाई भी दी।

वहीं, अपने भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि वह विकसित भारत के संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। और निमाड़ के लोग नर्मदा तट पर रहते हैं, जो कि कभी किसी मांगने वाले को निराश नहीं करते हैं। वह आज मांगने ही आए हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि मैंने लाल किले से भी कहा था कि देश सबके प्रयास से ही आगे बढ़ेगा और जो आज देश आगे बढ़ रहा है, वह देशवासियों के प्रयास से ही बढ़ रहा है। उन्होंने रैली में आए हुए लोगों से देश को आगे बढ़ाने के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट ने भारत को पांचवी बड़ी आर्थिक ताकत बना दिया है।

उन्होंने जनता से कहा कि आपके एक वोट ने भारत का दबदबा दुनिया में बढ़ाया, आर्टिकल-370 हटाया, एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया, महिलाओं को आरक्षण का हक दिलवाया, भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाया, मुफ्त राशन की गारंटी दी, युवाओं के भाग्य के लिए अपार अवसर खड़े कर दिये और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। यही नहीं आप एक वोट की ताकत देखिए की 500 साल की प्रतीक्षा खत्म करके भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनवा दिया। और यह तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट दुनिया में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा, रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और मजबूत भारत को बनाएगा।

## दादाजी महाराज का आशीर्वाद हम सबको मिलेगा : डा. यादव

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार को प्रदेश के खंडवा जिले में थे। जहां उन्होंने एक निजी होटल के सभागार में प्रबुद्ध जनों से संवाद किया, जिसके बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान सभी से मतदान करने की अपील की। वहीं, कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद वे खंडवा के प्रसिद्ध श्री दादाजी धाम मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। दरअसल, मुख्यमंत्री ने यहां स्थित श्री बड़े दादा जी महाराज और श्री छोटे दादा जी महाराज की समाधि पर माथा टेका। साथ ही साथ उनके प्रति सेवा भाव दिखाते हुए मंदिर परिसर में खुद अपने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई करते हुए झाड़ू भी लगाई।



सोमवार देर रात प्रदेश के मुखिया डॉ. यादव खंडवा के एक निजी होटल में पहुंचे थे। जहां रात्रि विश्राम के बाद सुबह उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद धार में आयोजित पीएम मोदी की सभा के लिए वे रवाना हुए। लेकिन जाने से पहले वह खंडवा के प्रसिद्ध श्री दादाजी धाम मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंदिर में स्थित अवधूत संत और भोले का अवतार कहे जाने वाले दादा जी महाराज की समाधि पर मत्था टेका और प्रदेश और देश में बीजेपी की जीत की कामना की। वहीं, इस दौरान मुख्यमंत्री ने दादा जी महाराज के प्रति सेवा भाव दिखाते हुए अचानक ही मंदिर परिसर में झाड़ू लेकर सफाई करने लगे और परिसर के एक हिस्से की मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से सफाई की। वहीं, मंदिर में दर्शन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि हमारे देश की परंपरा है, संतों की परंपरा है कि संत देव समान होते हैं। ऐसे में दादा धूनी वाले जी का यह जो आश्रम और स्थान है, इसके प्रति पूरे प्रदेश के संतों की अत्यंत श्रद्धा जुड़ी हुई है और दादाजी तो अभी संसार में नहीं हैं।

## महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता के एक बयान से बढ़ा सियासी विवाद

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के एक बयान से सियासी विवाद खड़ा हो गया है। वडेट्टीवार ने एटीएस के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे को लेकर एक बयान जारी किया था। उन्होंने कहा था कि हेमंत करकरे की मौत आतंकवादी अजमल कसाब की गोली से नहीं, बल्कि आरएसएस के वफादार पुलिस अधिकारी की गोली से हुई थी। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री (डिप्टी सीएम) देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है। फडणवीस ने वडेट्टीवार पर पाकिस्तान की बोली बोलने का आरोप लगाया है। वडेट्टीवार ने इस



मामले की पैरवी करने वाले अधिवक्ता और उत्तर-मध्य मुंबई से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल निकम को देशद्रोही करार दिया। डिप्टी सीएम ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को भी घेरा। उन्होंने वडेट्टीवार के बयान पर उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर सवाल उठाया। फडणवीस ने कहा, हेमंत करकरे को अजमल कसाब ने नहीं मारा था, ये बोलकर वडेट्टीवार पाकिस्तान की बोली बोल रहे हैं। पूरा देश उज्ज्वल निकम के साथ है, लेकिन कांग्रेस सिर्फ आतंकवाद के साथ है। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। इस पर फडणवीस ने कहा कि देश ने 1975 में तानाशाही देखी, जब पूरे विपक्ष को दो वर्षों के लिए जेल में डाल दिया गया था। जिन लोगों के खून में तानाशाही है, वे ही हमारे ऊपर इसे लेकर आरोप लगा रहे हैं।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत, महिला घायल

**अनूपपुर।** अनूपपुर में पुलिस चौकी सरई अंतर्गत चटुवा गांव में मंगलवार दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी पर सरई पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुटी है। पुलिस चौकी सरई अंतर्गत चटुवा गांव में मंगलवार की दोपहर गांव के कुंवर सिंह बैगा के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बैगा समाज एवं गांव के अन्य ग्रामीण सम्मलित हुए थे।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दिया कोई फैसला, बिना आदेश दिए उठी बेंच

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा



था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।

केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू का कहना है कि गिरफ्तारी का फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था। शीर्ष अदालत ने मुख्यमंत्री की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि न्यायालय यह नहीं चाहता कि वह अंतरिम जमानत मिलने पर सरकारी कामकाज करें।

## बंगाल में भारी बारिश से 12 की मौत

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि सोमवार रात विभिन्न जिलों में हुई भारी आंधी-बारिश के कारण अलग-अलग जिलों में बारह लोगों की मौत हो गई। सीएम ने मौत पर दुख जताया। एक्स पर उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग मृतकों के परिजनों को राहत और अनुग्रह राशि प्रदान करेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मैं संवेदानाएं प्रकट करती हूं। ठाणे जिले की एक अदालत ने एक दुकान और 18 दोपहिया वाहनों को जलाने वाले दो आरोपियों को रिहा कर दिया।

## यह मेरे जीवन का आखिरी चुनाव, युवाओं को देंगे मौका: दिग्विजय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मतदान के दौरान मतदाताओं से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा, ये मेरा आखिरी चुनाव है। इसके साथ ही दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग से वोटिंग के दौरान गड़बड़ियों की शिकायत की है। दिग्विजय सिंह ने मतदाताओं से दिल की बात कही है। इसके बाद वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि, वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। साथ ही लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा की तरह काम करते रहेंगे। बता दें कि इस प्रकार की बातें दिग्विजय सिंह चुनाव-प्रचार के दौरान भी करते रहे हैं। लेकिन वोटिंग के दौरान इस प्रकार की घोषणा अहम है। इधर, दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ लोकसभा सीट पर हो रही वोटिंग में कई जगहों पर गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इस बारे में उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। दिग्विजय सिंह ने वीडियो जारी करते हुए चुनाव आयोग और मशीन में गड़बड़ी के आरोप लगाए। दिग्विजय सिंह ने वीडियो में कहा, साथियों हमे उम्मीद थी कि चुनाव आयोग राजगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर और ऑब्जर्वर हमारे साथ न्याय करेंगे।

## 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग खत्म, 65 फीसदी मतदान

### असम में सबसे ज्यादा 75.53 फीसदी, सबसे कम महाराष्ट्र में 55.54 फीसदी, बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत

**नई दिल्ली।** 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप पर रात 9 बजे तक के अपडेट के मुताबिक, 65.07% लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 75.53%, सबसे कम महाराष्ट्र में 55.54% लोगों ने मतदान किया। इससे पहले शाम पांच बजे तक 63.77% वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.93% और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40% वोटिंग हुई थी।



वहीं दोपहर तीन बजे तक 53.60% वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 63.11% वोटिंग हुई और सबसे कम महाराष्ट्र में 42.63% लोगों ने वोट डाले थे। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई।

वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे।

पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया।

वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।

## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच जारी रखेगी सीबीआई, शीर्ष अदालत से मिली इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई इस मामले में किसी भी अधिकारी या उम्मीदवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से भी तीखे सवाल पूछे हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि जब भर्ती प्रक्रिया पर पहले से सवाल उठ रहे थे तो नई नियुक्तियां क्यों की गईं? अदालत में वकील नीरज कौशल कौल ने पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षकों और छात्रों के अनुपात को देखकर ही भर्तियां की गईं थीं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने भी 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को अवैध नहीं कहा है। राज्य सरकार के दूसरे वकील जयदीप गुप्ता ने हाईकोर्ट के फैसले को गलत करार देते हुए कहा कि यह शीर्ष अदालत के ही फैसले के विपरीत है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने का फैसला हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

### झरोखा




## कुर्सी या सीट पकड़ना मेरा लक्ष्य नहीं, जनसेवा मेरा लक्ष्य: ज्योतिरादित्य



**शिवपुरी।** गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को मतदान वाले दिन शिवपुरी के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर यहां पर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। शिवपुरी के पीजी कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचे सिंधिया ने यहां पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अधिक से अधिक मतदान कराने की अपील की। इसके अलावा यहां पर चल रही वोटिंग का भी जायजा लिया। मतदान केंद्र के बाहर पत्रकारों से चर्चा में ज्योतिरादित्य सिंधिया से जब पूछा गया कि इस बार आपकी प्रतिष्ठा की लड़ाई इस सीट पर रही है क्योंकि आपका पूरा परिवार सहित वरिष्ठ नेताओं ने यहां पर चुनाव प्रचार के लिए आए। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जनसेवा उनका लक्ष्य रहा है कुर्सी या सीट पकड़ने का लक्ष्य नहीं है। उनके परिवार का लक्ष्य है कि सेवा भाव के साथ जन सेवा की जाए। इस लक्ष्य पर आगे काम कर रहे हैं इस लक्ष्य पर चल रहे हैं। उनका लक्ष्य इस क्षेत्र में विकास व प्रगति लाना। पिछले 22 साल से उनका सफर चल रहा है और अंतिम सांस तक यह सफर चलेगा। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि इस बार पूरा परिवार आपका चुनाव प्रचार में लग रहा। तो इस पर अपनी प्रतिक्रिया में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उनका परिवार तो पहले भी आता रहा है मैं भी अपने पिता के साथ सन 1984 में चुनाव प्रचार के लिए आया हूं।

## इस चुनाव में मैं प्रेम की लहर में सवार रहा हूं : शिवराज

### पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गृह ग्राम जैत में परिवार सहित किया मतदान

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अपने गृह ग्राम जैत में परिवार सहित मतदान किया। मतदान से पहले शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा घाट पर पहुंचकर नर्मदा मैया के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। साथ ही जैत स्थित खेड़ापति माता मंदिर में दर्शन कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृध्दि की कामना की। मतदान से पहले बहनों ने शिवराज सिंह को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और सिर पर हाथ रख उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि, मतदान, लोकतंत्र की आत्मा है और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। इसलिए सभी



भाई-बहनों, बेटा-बेटियों से अपील है कि, अपने मत का प्रयोग जरूर करें। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, माताओं, बहनों का आशीर्वाद मेरे लिए देवी का आशीर्वाद है। ये चुनाव मेरे लिए अद्भुत रहा है, इस चुनाव में, मैं प्रेम की लहर में सवार रहा हूँ। मेरी बहनों का माताओं का, भांजे-भाँजियों का बुजुर्गों का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद अद्भुत था। जहां भी मैं चुनाव प्रचार के लिए गया बहनों ने मेरी आरती उतारी और अपनी साड़ी के पल्ले से 10-5 रुपए निकाल कर मुझे चुनाव लड़ने के लिए दिए। बच्चों ने मुझे गुल्लकें भेंट की, बुजुर्गों ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया। ये सब कुछ अद्भुत है और मैं अत्यंत सौभाग्यशाली हूँ कि, जिसको ऐसी बहनों का इतना प्यार और आशीर्वाद मिलता है, वरिष्ठ-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है और बच्चे तो मेरे भांजे-भांजी हैं मुझसे लिपट जाते हैं अद्भुत है ये सब कुछ मैं अत्यंत सौभाग्यशाली हूँ। लोकतंत्र में जनता ही भगवान है। जनता के बीच जाकर आशीर्वाद लेना हमारा कर्तव्य है। बहन और भाई के संबंध पदों से नहीं बंधे होते ये दिलों के रिश्ते हैं, आत्मा के रिश्ते हैं, जो कभी बदलते नहीं हैं। पूर्व सीएम ने अपील करते हुए कहा कि, मैं सभी बहनों और भाइयों, भांजे-भांजियों से यही अपील करता हूं कि, चुनाव लोकतंत्र का महा उत्सव है, और वोट डालना लोकतंत्र के प्रति हमारी निष्ठा का प्रतीक है। इसलिए वोट जरूर डालें। सबसे पहले मतदान करें बाद में कोई और काम करें। मेरी सभी से अपील है, हर एक भाई और बहन मतदान जरूर करें। यह अद्भुत चुनाव है। जनता ने मुझे असीम प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद इस चुनाव के प्रचार के दौरान दिया है। ये मेरा नहीं जनता का चुनाव है और जनता ही लड़ रही है और जनता ही आशीर्वाद दे रही है। मैं और जनता एक है, हम एक परिवार, मैं जनता का सेवक हूं, जनता की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है।

नगर निगम आयुक्त ने की टीएल पत्रो की समीक्षा

# अनुपयोगी नल कनेक्शनो को चिन्हित कर करे बंद करने की कार्यवाही : शर्मा

सिंगरौली

नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा सप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्र में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। निगमायुक्त श्री शर्मा के द्वारा नगरीय क्षेत्र में पेयजल उपलंब्धता की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डो में समुचित पेयजल उपलंब्ध कराया जाये। इसके साथ ही निगमायुक्त ने निर्देश दिये कि एक दल गठित कर अनुपयोगी नल कनेक्शनो को चिन्हित कर उन्हे बंद कराने की कार्यवाही करे। उन्होने विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि वार्डो सर्वजनिक स्थलो तथा पार्को में प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जहा पर स्ट्रीट लाईट खराब पड़ी तत्काल उनका सुधार कार्य कराये जाने की कार्यवाही करे। निगमायुक्त के घर घर कचरा संग्रहण की समीक्षा



करते हुये निर्देश दिये गये कि वार्डो कचरा संग्रहण करने वाली गाड़िया समय पर पहुचे इसी निगरानी की जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये घरो से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रहे इसके लिए वार्डो वासियो को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोरो से निकलने वाला मेडिकल वेस्ट तथा सामान्य कचारा अलग अलग रखा जाये तथा मेडिकल वेस्ट के विनिष्टीकरण की जिम्मेदारी संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक की रहे।साथ ही निर्देश दिये गये कि शहरी क्षेत्र में कम से कम 500 दुकानो में डस्टबीन रखने का नवाचार किये जाने के साथ ही ऐसे दुकानदार जिनके द्वारा अपने डस्टबीन का उपयोग नही किया जा रहा उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाये। नगर निगम आयुक्त निर्देश दिये कि आकास्मिक दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुये हर समय कम से कम दो फयर ब्रिगेड हमेशा तैयार रहे। नगर निगम आयुक्त श्री शर्मा के द्वारा आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनो के सहायक यंत्रियो को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्र के जल भराव वाले स्थलो को चिन्हित कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा अपने क्षेत्र के नाले नालियो साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि वर्षा के दौरान सुगमता से वर्षा जल की निकाशी हो सके नगरीय क्षेत्र के ऐसे प्रतिष्ठान दुकान जो बिना फायर एनओसी के संचालित है उन्हे चिन्हित कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाये। नगर निगम आयुक्त ने निर्देश दिये कि आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाली लोक अदालत के नगर निगम से संबंधित अधिक से अधिक प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान नगर निगम कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा सहित सहायक यंत्री उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

## विन्ध्यनगर पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर अपहृता को किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बच्चे बच्चियों के दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 7 मई को विन्ध्यनगर पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को शक्तिनगर जिला सोनभद्र (उ.प्र.) से दस्तयाब कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया है। विदित हो कि बीते 6 मई को नवजीवन बिहार सेक्टर 3 निवासी द्वारा अपने पुत्री का घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट थाना विन्ध्यनगर में दर्ज कराई गई थी जिसमें प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जिसमें थाना प्रभारी विन्ध्यनगर शिवपूजन मिश्रा द्वारा एक टीम गठित कर तत्काल शक्तिनगर तरफ रवाना किया गया जिसमें विन्ध्यनगर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए 24 घण्टे के अंदर अपहृता को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस मामले में विशेष योगदान पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर शिवपूजन मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक शीतला यादव सहायक उप निरीक्षक नीलेश प्रजापति, महिला प्रधान आरक्षक रूक्मिणी तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

## शिव महापुराण कथा का बंधा गांव में हो रहा आयोजन

**सिंगरौली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र पाठक के निज निवास बंधा में शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रयागराज के प्रसिद्ध संत कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य महाराज कथा में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कथा के सातवें दिन उपस्थित वालों ने संत श्री द्वारा दिए गए प्रवचनरूपी ज्ञान का रसपान किया। वही इस दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत भजनों पर वार्ड झूमते रहे। जिसके चलते क्षेत्र में इस समय भक्ति का वातावरण बन गया है।



कथा के दौरान परम पूज्य संत कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य महाराज जी ने कहा कि आज हम देखते हैं कि विश्व के हर भाग में अशांति व्याप्त है। इस अशांति के विभिन्न कारण अर्थव्यवस्था, राजनीति और धर्म की गलत व्याख्या इत्यादि है और इन सब का परिणाम है कि हर मानव दूसरे को अपना शत्रु समझ रहा है और इसी से समाज में अशांति व्याप्त होती जा रही है। महाराज जी ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार इस संसार में बैर से बैर कभी वह शांत नहीं होता है अबैर से बैर शांत होता, शत्रुता से शत्रुता समाप्त नहीं होती और क्रोध से क्रोध समाप्त नहीं होता है। यह सब जितना ही हमारे अंदर बढ़ता जाता है। उतना ही हम अपने हाथों अपने चारों तरफ नर्क निर्मित करते चले जाते हैं। संत श्री ने कहा कि नर्क कहीं और नहीं है, शत्रुता में जीना ही नर्क है। हम जितनी बड़ी शत्रुता अपने चारों ओर बनाते हैं हमारा नर्क उतना ही बड़ा हो जाता है। इसके विपरीत हम जितनी बड़ी मित्रता अपने चारों ओर बनाते हैं उतना ही बड़ा स्वर्ग हमारे आसपास निर्मित हो जाता है। दरअसल स्वर्ग और नर्क कोई भौगोलिक स्थानों का नाम नहीं है या मनोदशा है। मित्रता के भाव और मित्रों के बीच जीने का नाम ही स्वर्ग है और शत्रुता का भाव शत्रुओं के बीच जीने का नाम नर्क है। संत श्री ने अंत में समझाया कि हम खुद भी दूसरों से बैर भाव रखते हैं। हम जीवन ऐसे जीते हैं जैसे हमें यहां सदा ही रहना है और हमसे यहीं भूल हो जाती है। लेकिन जो यह समझ लेता है कि एक दिन हम सब संसार में नहीं रहेंगे। उसे संसार में रहने का सही ढंग आ जाता है। शास्त्री जी ने कहा कि जीवन का सार श्री गुरु ग्रंथ साहिब में इस प्रकार से वर्णित है कि जिन्ह प्रेम कियो, तिन ही प्रभु पायो। इसलिए सदा केवल प्रेम ही करो इसी में हमारा कल्याण संभव है। कथा के सातवें दिन घनश्याम पाठक, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, बंशीधर पाठक राजेंद्र पाठक, दयाशंकर चतुर्वेदी, दुर्गाप्रसाद,अरविंद सिंह चंदेल,मनोज दुबे, लक्ष्मी कांत पांडे,रामे दुवे झखरावल, सूर्य प्रकाश पांडे सीधी,बेउहर बाबा पतुलखी, श्याम कार्तिक दुवे,केशव सिंह जनपद उपाध्यक्ष देवसर,सविता सिंह जनपद अध्यक्ष बैढ़न,हिमान्सू पाठक, नवीन मिश्रा, ललित सिंह परिहार सहित सैकड़ो लोगों ने प्रवचन ज्ञान का रसपान किया।

## नगर निगम क्षेत्र के बीच सड़कों पर खड़े आवारा पशुओं से मिलेगी निजात : आयुक्त



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली आयुक्त डीके शर्मा के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र शहर में साफ - सफाई, अवैध जगहो पर अतिक्रमण जैसे इत्यादि समस्याओं का निराकरण लगातार किया जा रहा है और वही बीच सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा आये दिन देखने को मिलता था और पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाये होती रहती थी। वही मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस नगर निगम उपायुक्त राजस्व आरपी बैस के द्वारा शहर में निरीक्षण किया गया था जो आज सुबह शहर में जगह-जगह आवारा पशुओं को नगर निगम अमला द्वारा मोरवा के कुशमई मे नगर निगम द्वारा निर्मित गौशाला में पशु वाहन से पहुंचाया गया और वही बताया जा रहा है कि प्रतिदिन नियमित रूप से इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी। वही पशु मालिकों से अपील है कि अपने - अपने पशुओं को बांधकर रखें और खुले में न छोड़े, होने वाले परेशानियों से बचे।

# सरकारी स्कूलों में परीक्षा में सप्लीमेंट आए बच्चों से वसूली की तैयारी

कक्षा 9वीं और 11 वीं के बच्चों से पैसे लेकर पास करने का शुरु हुआ खेल

सिंगरौली

कहते हैं कि शिक्षक ही देश का भविष्य तय करता है हर शिक्षक आदर्श राष्ट्र निर्माण में अहम रोल अदा करता है। लेकिन अब यह बात सिर्फ किस्से और कहानियां तक सीमित है। अब शिक्षक मौके की तलाश में रहते हैं कि कब वह अपनी इनकम बढ़ा सके। पैसा कमाने के फेर में वह सारे अवैध काम करने को तैयार रहते हैं जो गलत है। सरकारी स्कूलों में कोमोबेस हालत इन दिनों यही बयां कर रहे हैं। दरअसल 9 वीं और 11वीं के बच्चों कर रिजल्ट आ चुका है जहां कई छात्र अच्छे नंबरों से पास हुए हैं तो वही 15 से 20 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पूरक या फिर फेल हो गए हैं। अब इन्हीं बच्चों को पास करने के लिए शिक्षा विभाग का सरकारी तंत्र जुट गया है और अवैध कमाई करने की जुगाड़ में सक्रिय हो गया है। बरगवां सीएम राइजिंग स्कूल में तथाकथित अपराधिक प्रकरण दर्ज अतिथि शिक्षक और अन्य शिक्षकों द्वारा छात्रों को पास कराने का जिम्मा ले रहें है और छात्रों से 15 से 20 हजार की अवैध वसूली कर रहें है।

बता दे कि जिलेभर में 9वीं और 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आ चुका है जहां काफी बच्चे एक या फिर दो विषय में पूरक आए हैं तो वहीं जिले भर में सैकड़ो बच्चे फेल हो गए हैं। अब शिक्षा विभाग से जुड़े माफिया छात्रों को कॉपी की रिवैल्युएशन करने की सलाह दे रहे हैं साथ ही पास करने की गारंटी भी दे रहे हैं। इसके लिए पूरक और परीक्षा में फेल हुए छात्रों से शिक्षक फोन से संपर्क कर अपने पास बुला रहे हैं। और नंबर बढ़कर पास करने के लिए 10 से 15 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। छात्र-छात्राएं भी साल खराब ना हो इसके लिए रिवैल्युएशन का फॉर्म भरने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं और वही शिक्षा से जुड़े कारोबारी से मोलभाव कर पैसे दे रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि वरगबा,देवसर और चितरंगी हायर सेकेंडरी स्कूलों में यह खेल बड़े स्तर पर खेला जा रहा है। यदि इसकी जांच होगी तो कई शिक्षक और प्रधानाचार्य बेनकाब होंगे।

### ऐसे चल रहा पास कराने का खेल

जानकारी के अनुसार सरकारी स्कूल में अध्यनरत 9 वीं और 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की कॉपियां जिले में ही चेक होती हैं। सिर्फ एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में कापिया चेक होने हुई हैं। ऐसे में जो छात्र-छात्राएं पूरक या फिर फेल हो गए हैं उन्हें अब साल बर्बाद होने का डर सताने लगा है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्र जो पूरक आ गए हैं उन्हें उत्तीर्ण करने का खेल अब शुरू हो गया है। एक छात्रा को पास करने के लिए 10 से 15 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। वही रुपए न देने की बात कहने पर छात्र को पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण करने की धमकी देते हैं।

## कलेक्टर द्वारा खनिज माफियाओं के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्री मती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में सृजन वर्मा अनुविभागीय अधिकारी सिंगरौली (राजस्व) एवं जिला खनिज अधिकारी एके राय के मार्गदर्शन में खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनि अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला एवं डॉक्टर विद्याकान्त तिवारी साथ में मुनेंद्र सिंह सर्वेयर खनिज अमला एवं कोतवाली बैढ़न से पुलिस बल लेकर सिंगरौली उपखंड क्षेत्र अंतर्गत खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की सघन जांच की गई । जिसमें ग्राम हर्रहवा में लावारिस रूप से डंप/भंडारित खनिज रेत लगभग 105 घन मीटर (10डम्फर) को जप्ती की कार्यवाही की गई । वही बलियरी से खनिज मुरुम का अवैध उत्खनन करके विक्रय किये जाने की सूचना मिलने पर घेराबन्दी करते हुये कड़ी मसक्कत से अवैध उत्खनन कर्ता राजेश शाह पिता मूलचन्द्र शाह निवासी जमुआ की जेसीबी मशीन के साथ 3 ट्रैक्टर ट्रॉली को खनिज मुरुम का अवैध उत्खनन/परिवहन करते हुये पाये जाने पर जप्ती कर थाना कोतवाली बैढ़न में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। अवैध रूप से उत्खनित खनिज मुरुम गड्ढे की पैमाइश किया जाकर उत्खनित मात्रा का खनिज नियमो के तहत प्रकरण तैयार किया जाकर दंडात्मक कार्यवाही के लिये कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त कार्यवाही में सैनिक गजानंद कुमार एवं दीनबंधु की भूमिका सराहनीय रही।

# लापता नाबालिका को गोरबी पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** बीती रात मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी चौकी अंतर्गत ग्राम नौढिया से एक 13 वर्षीय गुम नाबालिका जो घटना दिनांक 5.5.24 की रात को लापता हो गई थी, कल रात को बालिका के परिजनों के द्वारा इस संबंध में चौकी गोरबी में आकर सूचना देने पर गोरबी पुलिस स्टाफ ने सूचना मिलने पर त्वरित एकजुट प्रयास कर उक्त बालिका को देर रात में ढूंढ निकाला। बताया जाता है कि बालिका के खोजबीन के प्रयास के दौरान प्रभारी द्वारा एक ओर स्थानीय स्तर पर बालिका को खोजने के लिए टीम लगाई, वहीं दूसरी ओर साइबर सेल से संदेहियों के डीटेल्स निकालकर बालिका के हर संभावित स्थान में होने का पता लगाया गया। इस मामले में खुटार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रामजी शर्मा से प्रभारी द्वारा समुचित समन्वय बनाकर मदद ली गई जो खुटार चौकी के प्रधान आरक्षक राय सिंह ने बिना देर किए मामले में तत्काल सक्रिय भूमिका अदा की गई। समन्वित प्रयासों के चलते उक्त नाबालिक बालिका को पुलिस ने सिंगरौली जिले के ग्राम करकोसा से दस्तयाब कर लिया है। गौरतलब है कि बीती रात को गौरबी चौकी अंतर्गत एक परिवार की 13 वर्षीय पुत्री के गायब होने की रिपोर्ट गोरबी चौकी में दर्ज कराई गई थी। अत: सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा अपहृता को दस्तयाब के लिए मिले दिशा निर्देश के बाद एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन एवं मोरवा निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में गोरबी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक द्वारा टीम गठित कर ग्राम नौढिया से लापता नाबालिका की तलाश की जा रही थी। पुलिस द्वारा लापता नाबालिका के परिजनों एवं रिश्तेदारों से पूछताछ कर एवं मोबाइल डिटेल्स से कुछ सुराग हाथ लगे। जिस आधार बनाते हुए पुलिस ने गुम बालिका को ग्राम करकोसा से दस्तयाब कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। काउंसलिंग मेडिकल परीक्षण के उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी भिपेंद्र पाठक के साथ सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक राजबहोर, आरक्षक कियामुद्दीन एवं ज्योति तिवारी के साथ-साथ पुलिस चौकी खुटार के प्रधान आरक्षक राय सिंह, सायबर सेल के प्रधान आरक्षक दीपक परस्ते एवं आरक्षक सोवाल वर्मा की अहम भूमिका रही।

## मोटर साइकिल पल्सर वाहन तेज रफ्तार होने से एक अधेड़ को ठोका

गंभीर हालत में उपचार हेतु पहुंचाया गया जिला अस्पताल

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना अंतर्गत गनियारी बलियरी गैस फैक्ट्री रोड (भारत गैस एजेंसी के पास) एक तेज रफ्तार से पल्सर मोटर साईकिल तेज रफ्तार से बैढ़न फैक्ट्री तरफ जा रहा था एक अज्ञात अधेड़ को ठोका, जिसे हाथ पैर व सिर में गंभीर चोटे आयी है और वही एक



सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा जिला अस्पताल बैढ़न मे उपचार हेतु पहुंचाया गया। वही बताया जा रहा है कि अनिल सिंह पिता राजेंद्र सिंह उम्र 54 वर्ष ग्राम गढ़ भोटी जिला रीवा के निवासी है जो अनिल केमिकल कंपनी इंडस्ट्रियल एरिया में ड्यूटी किया करते थे जो बैढ़न बाजार से सब्जी लेकर पैदल फैक्ट्री तरफ जा रहे थे तभी रास्ते में यह घटना घटी है।

## विनम्रता, धैर्य, अनुशासित जीवन एवं कठोर परिश्रम जैसे श्रेष्ठ गुण ही खिलाड़ियों को महान बना सकते हैं: डॉक्टर सौरभ सोनवणे

**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 07 मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस बड़े ही धूमधाम से एपीएस स्टेडियम में मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक कलेक्टर आई ए एस सौरभ सोनवणे रहे। इस कार्यक्रम में एमपीसीए अंडर 22 के पूर्व सिलेक्टर शकील खान, डॉ बृजेश सिंह, एमपीईबी अभिषेक शुक्ला राजपूत, बीके प्रकाश, बीके सुभाष रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ सोनवणे जी ने कहा विनम्रता , धैर्य , अनुशासित जीवन एवं कठोर परिश्रम जैसे श्रेष्ठ गुण ही खिलाड़ियों को महान बना सकते हैं । राज योगिनी निर्मला दीदी ने अपने संबोधन में बताया कि खेल हमारे जीवन का एक हिस्सा है जो की सारे दिन कुछ न कुछ हम खेल खेलते रहते हैं। लेकिन इस सृष्टि का मुख्य खिलाड़ी परमपिता परमात्मा है। उन्होंने इतनी सुंदर दुनिया बनाई जहां पर पहले हम मूल्यों से भरपूर थे,और आज के समय में मूल्यों का पतन हो रहा है। आवश्यकता है कि हम ऐसे खेल खेलें की पुन: हमारे जीवन में मूल्यों का विकास हो। शकील खान ने कहा हमारे बच्चे बहुत मेहनत कर रहे हैं, बहुत डिसिप्लिन है, इस उम्र में बच्चे सुन रहे हैं अनुशासन में है यह अपने लिए बहुत बड़ी सफलता की बात है ब्रह्मा कुमारीज का आशीर्वाद सदा मिला है और मिलता रहेगा। बच्चों खुद को पहचानो जानो कि आप किस चीज के लिए आ रहे हैं खेल हमारे लाइफ में जीना भी सीख रहा है और आगे बढ़ना भी सीख रहा है। अगर आप आउट हो जाते हैं तो इतनी क्षमता आप में हो कि दूसरे साथी का आप सपोर्ट कर सको। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने अंदर का हुनर ग्राउंड में देना है ना कि जवाब में।

वरिष्ठ वक्ता बीके प्रकाश वरिष्ठ संयोजक ने कहा कि खेल हमारे जीवन की एक कड़ी है जो हमें शिखर तक ले जाती है उन्होंने बताया कि चाहे आप सुनने पर आउट हो रहे हैं लेकिन उसके बाद अगर आप अपना मूल्य नहीं खो रहे हैं तो आप इस संसार में सबसे अधिक महान है। साथ ही बच्चों को एकाग्रता के लिए मनोबल बढ़ाने की उन्होंने राजयोग सीखने की प्रेरणा विधि और बच्चों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया साथ ही साथ नशा मुक्त होकर के सारे देश को नशा मुक्त बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में रीवा जिले के खिलाड़ी एथलीट एवं सभी खिलाड़ियों की अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## आदिवासी समाज पूरे जीवन के सार को इन तीन 750 अंको में समाहित किया है: अक्षय कुमार

**सिंगरौली।** आदिवासी संस्कृति पर शोध करने का प्रयास अक्षय कुमार भगत गांधी फेलो पिरामल फाउंडेशन विकास खंड चितरंगी में कार्यरत हैं । बड़े बुजुर्गो के बताए अनुसार अपने शब्दो में पिरोया है। सिंगरौली जिले में एक तिहाई आबादी आदिवासी समुदाय की है यह समुदाय अपने पूर्वजों और परंपराओं के नियमों को सजाए हुए प्राकृतिक परंपराओं के साथ जीवन जीता है। कुछ दिनों पहले चितरंगी ब्लॉक के सेमरा ग्राम में एक आदिवासी वैद्य के घर भ्रमण किया जहां पर मैंने देखा की उनके घर के दीवार पर एक बहुत बड़ा कलश का चित्र बना हुआ जिसमें 750 लिखा हुआ था तो सहज ही घर के मुखिया से पूछा कि 750 अंक का क्या अर्थ है तो इस विषय में कुछ जानकारी मुखिया से प्राप्त हुई और कुछ मैंने गांव के अन्य लोगो से जाना । तब मुझे 750 अंक का अर्थ समझ आया तो बहुत गौरव महसुस हुआ कि अपने देश का आदिवासी समाज किस प्रकार पुरे जीवन के सार को इन तीन 750 अंको में समाहित कर दिया गया है।

### गोंड आदिवासियों के लिए 750 का महत्व

मुखिया जी का कहना था ये 750 अंक हमारे लिए महान और पूजनीय हैं। इस अंक में सभी मनुष्य से संबंधित उनके विवाह से लेकर उनके मरण तक का ज्ञान छिपा होता है।

7 का अर्थ बताया कि हम इंसानों को अपने अस्तित्व की रक्षा करने के लिए विवाह सूत्र में बंधना पड़ता है। जब विवाह होता है, तो 7 दिनों को साक्षी मानकर 7 वचन के साथ-साथ 7 फेरे लेते हैं। इसलिए यह अंक शुभ माना जाता है। 5 का अर्थ की हमारा



शरीर 5 तत्वों से मिलकर बना होता है- आकाश धरती पानी अग्नि और हवा गोंड जाति से जुड़ा हुआ धार्मिक संस्कार है की मृत्यु के बाद शरीर को दफनाने से पहले 5 फेरे लगाए जाते हैं। इसके बाद उसे गड्ढे में डालकर 5 बार प्रत्येक व्यक्ति 2 मुट्ठी मिट्टी डालता हैं और इसके बाद उस पर फिर 5 उरई का पौधे लगा देते हैं उनका कहना था की यह पौधा मृत शरीर को दुर्गंधित होने से बचाता है। यह प्रथा गोंड आदिवासियों में अनादि काल से चली आ रही है। उनका ये भी मानना था कि ये सभी प्रक्रिया करने से उसमें 9 शक्तियां उत्पन्न होती हैं, यह शक्तियां पृथ्वी के अंदर पानी की धारा में बहते हुए नदी तालाब में बहती हैं। 0 का अर्थ बताय की ये निरंकार और अनंत को प्रदर्शित करता है जिसका कोई आकार नहीं होता है। और कहीं ना कहीं हर धर्म में निरंकार को महत्व दिया गया है और उन्होंने इससे जुड़ा दूसरा पहलु यह बताया कि 0 पृथ्वी के समान ही गोल होता है। उनका कहना है कि माँ के पेट में जब बच्चा आता है तब माँ का पेट गोलाकार दिखाई देता है। जिससे पृथ्वी का रूप बताया गया है। और अत: इस गोलाकार रूप पृथ्वी में जीवन और मृत्यु होती है। जो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है. इसलिए ये 750 अंक गोंड आदिवासियों का बहुमूल्य चिन्ह होता है इसके साथ ही एक और मान्यता ये भी है कि इस अंक को उनके गोत्र से संबंध माना जाता है

### देव संख्या से जुड़ा है अंक 750

7 + 5 + 0 को जोड़ने से 12 अंक प्राप्त होते हैं गोंड आदिवासियों में 12 ज्योतिर्लिंग की मान्यता हैं गोंडवाना समाज में 12 गोत्र देव संख्या होते हैं, जिनके नाम एक देव दो देव से लेकर बारह देव होते हैं। इनके गोत्र की संख्या 750 होती है। गोंड आदिवासियों की देव गोत्र संख्या 1 से लेकर 7 देव संख्या में 100 गोत्र होते हैं 8 से लेकर 12 देव संख्या में 10 गोत्र होते हैं। इन सभी देव संख्या को जोड़ने से 750 देव गोत्र का अंक प्राप्त होता है। जो गोंड आदिवासियों का प्रमुख चिन्ह होता है। इसी प्रमुख चिन्ह से गोंड आदिवासियों को पहचाना जाता है।

# पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हो रही तत्परता से कार्यवाही

**रात्रि में भी हैण्डपम्पों का किया जा रहा सुधार कार्य**

**2243 हैण्डपम्पों में डाली गई राइजर पाइप, 118 में लगाए गए सिंगल फेस पम्प**




सीधी

सीधी जिले में हुई अल्प वर्षा व ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार त्रिलोक सिंह वरकड़े कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी विभाग सीधी के मार्गदर्शन में हैंडपम्प संधारण का कार्य सतत रूप से चल रहा है। दिन में अत्यधिक गर्मी होने के कारण आवश्यकता पड़ने पर रात्रि में भी सुधार कार्य किया जा रहा है। हैण्डपम्पों ने सुधार कार्य के साथ ही आवश्यकतानुसार राइजर पाइप भी हैण्डपम्पों में लगाए जा रहे हैं। जहां जल स्तर अधिक नीचे चला गया है वहाँ सिंगल फेस पम्प डाल कर ग्रामीणों को जल उपलब्ध करवाया जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले के 5 विकासखंड में अब तक 21486 हैंडपम्प स्थापित हैं जिनमें से 20918 हैण्डपम्पों से जल उपलब्ध हो रहा है, 568 हैंडपम्प बंद हैं। एक मार्च से अभी तक 3719 हैंडपम्प में सुधार कार्य करवाया गया जा चुका है, 2243 ऐसे हैंडपम्प जिनका जल स्तर नीचे चला गया था इनमें 8178 मीटर राइजर पाइप डाली गयी। साथ ही साथ जहाँ जलस्तर ज्यादा नीचे होने की वजह से जल उपलब्ध नहीं हो रहा था ऐसे 118 हैंडपम्प में सिंगल फेस मोटर डाल कर जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। विकासखंड सीधी के 41, सिहावल के 31, रामपुर नैकिन के 18, मझौली के 19 तथा कुसमी के 9 हैण्डपम्पों में सिंगल फेस मोटर लगाए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंड सीधी के 790, सिहावल के 386, रामपुर नैकिन के 468, मझौली के 316 तथा कुसमी के 283 हैण्डपम्पों में राइजर पाइप डाली गयी है। मार्च से अब तक विकासखंड सीधी के 1171, सिहावल के 766, रामपुर नैकिन के 734, मझौली के 586 तथा कुसमी के 462 हैण्डपम्पों का सुधार कार्य कराया गया है।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पंचायतों के सतत संपर्क में रहकर पेयजल की स्थिति की निगरानी रखी जा रही है। साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से भी खराब हैण्डपम्पों की जानकारी प्राप्त कर सुधार कार्य कराया जा रहा है।

## निर्माण कार्यों में समय-सीमा तथा गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: कलेक्टर

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा विभिन्न निर्माण विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि सभी निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो तथा कार्य उच्च गुणवत्ता के हो। निर्माण कार्यों में अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों को समय से प्रस्तुत करें जिससे कार्य किसी भी प्रकार से बाधित नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यों के पूर्ण होने की तिथि का स्पष्ट उल्लेख करें तथा चरणवार कार्यों के पूर्ण होने की तिथियों से उसकी निगरानी करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन कार्यों में संविदाकारों की उदासीनता के कारण कार्य प्रभावित हो रहें हैं उनके विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने एवं ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बरसात के पूर्व सभी सड़कों के मरम्मतीकरण के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनकी सीसी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एम के परते, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हिमांशु तिवारी, जीएम एमपी आरडीसी अनूप मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीआईयू कौशल सिंह परते सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

सीधी



माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल की हाईस्कूल वर्ष 2024 की प्रदेश मैरिट में सीधी जिले के तीन विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। लली तिवारी पिता विनय कुमार तिवारी शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, नीलेश कुमार शाहू पिता उमेश कुमार शाहू काशी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया और वरूण साकेत पिता वंशधारी साकेत श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमहा तीनों विद्यार्थियों को कुल 500 अंक में 486 अंक प्राप्त हुये और प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9वाँ स्थान प्राप्त हुआ।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने तीनों मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता-पिता और शिक्षकों को आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। इन्होंने अन्य विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर ने विश्वास व्यक्त किया है कि आगामी वर्ष में सीधी जिले के कई विद्यार्थी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएंगे।

मेधावी छात्र वरूण साकेत भविष्य में आई.ए.एस. बनना चाहते है, नीलेश कुमार शाहू भी सिविल सर्विसेस में जाने की तैयारी अभी से कर रहे है। लली तिवारी डाक्टर बनना चाहती हैं। सम्मान समारोह में अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल.मिश्रा, डी.पी.सी. राजेश तिवारी, ए.डी.पी.सी. प्रवीण शुक्ला, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र, इन्द्रसेन त्रिपाठी, रामकृष्ण तिवारी मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता तथा तीनों विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने बाणसागर बांध का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज सुबह बाणसागर बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने जनरेटिंग यूनिट, जल विद्युत गृह, मुख्य डेम, कंट्रोल रूम, गैलरी एवं पावर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने अधीक्षण यंत्री श्री आर पी एस कंवर से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान अधीक्षण यंत्री ने कमिश्नर को अवगत कराया कि बाणसागर बांध का शुभारंभ 2006 में किया गया था। बाणसागर बांध से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं मध्य प्रदेश के किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि बाणसागर बांध में जल विद्युत गृह स्थापित है, जिसके माध्यम से विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है। वहीं बाणसागर बांध में मत्स्य पालन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन बाणसागर श्री व्ही के ओझा, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन बाणसागर श्री मोहन श्याम वशिष्ठ भी कमिश्नर के साथ रहे।

## रीवा भोपाल रीवा के लिये जबलपुर के रास्ते एक ट्रेन और चलाई जाये : अजय सिंह

**रेलवे लगातार विन्ध्य की उपेक्षा कर रहा है**

**जनरल बोगी आधी हो गयीं, फिर भी जन प्रतिनिधि चुप हैं**



**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने कहा है कि रेलवे लगातार विंध्य क्षेत्र की उपेक्षा कर रहा है। वह रीवा से होकर भोपाल सहित अन्यत्र जाने वाली रेल गाड़ियों में लगातार स्लीपर कोचों की संख्या धीरे-धीरे कम कर रहा है और एसी कोच की संख्या बढ़ा रहा है। इससे कम आय वर्ग वाले लोगों, विद्यार्थियों, मरीजों और गरीब यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ के सांसद दिल्ली में रेलवे बोर्ड अथवा रेल मंत्री से मिलकर आम जनता की परेशानियों को दूर करने के लिये कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्हें इसमें कोई रुचि नहीं है।

अजय सिंह ने कहा कि हजारों गरीब विद्यार्थी, उनके माता पिता और इलाज के लिये भोपाल आने- जाने वाले लोग रेवांचल से ही यात्रा करते हैं। आश्चर्य की बात है कि इतनी अधिक संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए रेलवे बोर्ड स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने की जगह उसे लगातार कम करता जा रहा है। यात्रियों को मजबूरन एसी का टिकट लेना पड़ता है। इसका किराया स्लीपर कोच से दो गुना से अधिक है। इस समय रेवांचल में स्लीपर का किराया 355 और सबसे सस्ते एसी इकानामी का 860 रूपये है। यात्री हलाकान होकर लगातार शिकायत कर रहे हैं।

सिंह ने कहा कि पहले रेवांचल एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास के 12 और जनरल के चार डिब्बे लगते थे। अब पिछले साल से स्लीपर के डिब्बे घटाकर छह कर दिए गए हैं। वहीं एसी थ्री के आठ, एसी टू के दो और एसी वन का एक डिब्बा लगता है। गर्मी की छुट्टी और शादी के सीजन में यात्रियों की फजीहत हो रही है। स्लीपर की हालत सामान्य बोगी जैसी हो गयी है। शिक्षा और चिकित्सा का केन्द्र भोपाल होने के कारण हजारों विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाएं देने और पढ़ाई के लिये तथा बीमारों को इलाज के लिये भोपाल आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रेलवे को एक अन्य नियमित गाड़ी रीवा भोपाल रीवा के लिए जबलपुर के रास्ते चलाना चाहिये। यात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए यही एकमात्र विकल्प है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर रेल मंत्रालय पर दबाव बनाना चाहिए।

## पढ़ाई एक बेहतरीन कार्य: कलेक्टर

**उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित**



**शहडोल।** जिला स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं सहित स्कूल प्राचार्यों को कलेक्टर श्री तरूण भगनागर ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानति किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा कि पढ़ाई एक बेहतरीन कार्य है, विद्यार्थी जीवन में पूरी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें बेहतर जीवन एवं अच्छी नौकरी देने के साथ-साथ एक अच्छा इसांन भी बनाती है। शिक्षा की मदद से हम अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहतर से बेहतर निर्णय लेकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में पालकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान होता है इनका सम्मान करना चाहिए। कलेक्टर ने जिला स्तर पर अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर छात्र-छात्राओं, पालको एवं स्कूल प्राचार्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूलसिंह मारपाची सहित, छात्र-छात्राएं एवं संबंधित स्कूल के प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

## किसानों के गेहूं उपार्जन का करें भुगतान, समझे दर्द: कमिश्नर

**डीओ पत्र का जवाब न मिलने, संबंधित अधिकारी को करें निलंबित: बीएस जामोद**




**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों में किसानों के गेहूं उपार्जन का भुगतान 9 मई तक सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे, किसानों का दर्द समझे। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा बैठक में कोई भी जानकारी छुपाए नही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जानकारी दें। कमिश्नर ने बारदाने, परिवहन आदि की जानकारी ली तथा कहा कि उपार्जन केंद्रो में समुचित बारदाने उपलब्ध रहें। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डीओ पत्र का जवाब न मिलने व डीओ पत्र न होने पर संबंधित अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड व अन्य कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पीएमजीएसवाई के अधिकारी बैठक में अनुपस्थिति होने पर नोटिस देने एवं एनएच के अधिकारी को डीओ लेटर जारी करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शहडोल संभाग में दगना कुप्रथा रोकने हेतु संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही करें और उसका परिणाम भी दिखें। उन्होंने कहा कि ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं से संवाद करें और दगना कुप्रथा रोकने के संबंध में जागरूक करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएम जमोद ने पशुपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि समय में पशुओं का टीका लगवाए। कमिश्नर ने एक जिला एक उत्पाद के तहत हल्दी के उत्पाद का भी क्रय किया। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित न रहे यदि आवश्यकता होने पर सूचना दें।

## निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराएं: उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**शहडोल।** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग की उपस्थित में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में मतगणना प्रक्रिया हेतु मास्टर ट्रेनर्सों को प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने मास्ट्रर ट्रेनर्सों से कहा कि मतगणना के कार्य में हमें किसी भी प्रकार की कोई जल्दबाजी नहीं करनी है। हमें शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराना है। उन्होंने मास्टर टेनर्सों को निर्देश दिए कि आप सभी मतगणना के प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें एवं अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, एवं माइक्रा आब्र्जबर को प्रशिक्षण देना सुनिचित करें। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल में प्रवेश करने, मतगणना टेबल पर कर्मचारियों के कर्तव्य, मतगणना अभिकर्ता की नियुक्त की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट की संम्पूर्ण प्रक्रिया, 17सी से डाटा के मिलान की प्रक्रिया, एड्रेस टैग सत्यापित कर ड्रॉप बॉक्स की सील खोलना, परिणाम ज्ञात लगाना जैसी अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी निर्वाचन प्रशिक्षण श्री आर.एस. गौतम, मास्टर ट्रेनर्स श्री अनिल श्रीवास्तव, श्री पीके सालवार सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## आरसेटी सीधी में यूनियन बैंक के भोपाल अंचल प्रमुख बी पी दास ने किया निरीक्षण




**सीधी।** यूनियन बैंक के प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीधी में अंचल प्रमुख भोपाल बी. पी दास, क्षेत्र प्रमुख रीवा अजय खरे, उपक्षेत्र प्रमुख-रीवा सौरभ पहड़िया, उपक्षेत्र प्रमुख-रीवा अमित कुमार सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण सोमवार 06 मई को किया गया। उनके स्वागत कार्यक्रम मे सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख बी. पी दास एवं क्षेत्र प्रमुख अजय खरे एवं सभी अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। अंचल प्रमुख भोपाल बी. पी दास छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वरोजगार स्थापित करें, उस दौरान वित्तीय सहायता के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक, निदेशक एवं फैकल्टी से संपर्क करके बैंक लोन प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्र प्रमुख रीवा अजय खरे ने कहा कि आरसेटी के प्रशिक्षण स्वरोजगार के लिए संचालित होते है। यूनियन बैंक जिले का अग्रणी बैंक है एवं बैंक के व्योम ऐप से आनलाइन खाता खोलकर लोन आवेदन करने की आसान व्यवस्था से इसका लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण की छात्राओं से चर्चा के साथ ही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं निदेशक शिवेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा स्वागत करते हुए आरसेटी की कार्य प्रणाली की जानकारी अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। उक्त निरीक्षण में अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन, पुष्पराज सिंह शाखा प्रबंधक कलेक्ट्रेट सीधी, विष्णु तिवारी शाखा प्रबंधक सीधी, अरविन्द पटेल शाखा प्रबंधक हड़बड़ों एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने मेंडियारास निर्माणाधीन ग्रामीण उद्यान का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद ने ग्राम मेंडियारास में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात निर्माणाधीन ग्रामीण उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने श्रमिकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उद्यान में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उद्यान में बनाए गए नेचुरल ड्रेनेज सिस्टम के जल भराव की भी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश एवं सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण एवं जिला अधिवक्ता संघ के साथ बैठक की गई

सीधी




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 11 मई 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 07.05.2024 दिन मंगलवार को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण तथा आवेदक अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुधीर सिंह चौहान, विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बाबूलाल सिंह, अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री विष्णुदेव साहू, श्री प्रकाश सिंह, श्री हरिकुमार केवट, श्री विनोद सिंह चंदेल, श्री संजय कुमार, श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्री हरिशंकर सेन, श्री अशोक पाण्डेय, श्री अशोक कुमार कोरी, श्री परमसुख शुक्ला, श्री रामभजन गुप्ता, श्री अतुल तिवारी, श्री गोविन्द प्रसाद मिश्रा, श्री अरूण सिंह सेंगर, श्री बी.डी. मिश्रा सहित जिला न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### परंपरा का प्रश्न

लंबी कशमकश के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पिछले कुछ दिनों से इन सीटों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर जैसी गहन चर्चा चल रही थी, उससे साफ है कि यह सिर्फ दो सीटों का मामला नहीं रह गया था। ये दोनों सीटें न सिर्फ लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रही हैं बल्कि गांधी परिवार का पसंदीदा अखाड़ा मानी जाती रही हैं। हालांकि, अतीत में एकाधिक मौकों पर इन सीटों की नुमाइंदगी गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में भी गई है, लेकिन इन सीटों को गांधी परिवार के चुनाव क्षेत्र के ही रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी की हार और इस बार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव से बाहर रहने की वजह से कांग्रेस में इन दोनों सीटों पर शून्य बन गया था, जिसे भरे जाने की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी। इसमें दो राय नहीं कि रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को प्रत्याशी बनाने का फैसला करने में कांग्रेस ने काफी देर लगाई। इस देरी को लेकर तरह-तरह की कयासबाजी होती रही। लेकिन राजनीति में विलंब का भी अपना शास्त्र होता है। यह दावे से नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस नेतृत्व या गांधी परिवार के फैसले में हुई देर के पीछे अनिश्चय या असमंजस की ही भूमिका थी। इसकी कई और व्याख्याएं की जा सकती हैं। सोनिया गांधी के राज्यसभा का रुख करने के बाद राहुल गांधी के रायबरेली सीट को चुनने और प्रियंका के चुनाव में खड़ा न होने के फैसले पर भी कई तरह से टीका-टिप्पणी की जा सकती है। भाजपा के कुछ नेता इसे राहुल का अमेठी से भागना बताने भी लगे हैं। हालांकि प्रत्याशी कोई भी हो, ये दोनों सीटें गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं। इन सीटों पर जीत-हार को गांधी परिवार की जीत-हार के ही रूप में देखा जाएगा। बहरहाल, राहुल को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है कि साउथ के राज्यों से विशेष उम्मीदें रखते हुए भी उसने नॉर्थ और खासकर यूपी में अपनी दिलचस्पी कम नहीं होने दी है।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहाँ सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।**

# विरासत के सहारे जीत की तलाश करते हुए राहुल गांधी

(सुरेश हिंदुस्तानी)

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहाँ सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी ज़मीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहाँ से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थीं, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पायी है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहाँ लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहाँ तक कि प्रियंका वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो



जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहाँ कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी ज़मीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहाँ से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेंगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। ज़ब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, ज़ब उत्तरप्रदेश में समाज़वादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तरप्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तरप्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी।

वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको प्रत्याशी घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की क़वायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा। राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मज़बूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाऐगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वायनाड से उम्मीदवारी के बाद रायबरेली की रुख करके फिर से संदेह को जन्म दिया है। ऐसा लग रहा है कि इस बार वायनाड का चुनाव बहुत ही टक्कर का माना जा रहा है। कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी का उत्तरप्रदेश से चुनाव लड़ना कोई नया नहीं है, वे अमेठी से भी चुनाव लड़ चुके हैं। इसलिए उनके नाम का जादू कोई नया प्रभाव छोड़ेगा, यह पूरी तरह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार)

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

ललित गर्ग

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को वोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

## वर्ग पहेली 5363

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | | |
| 5 | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | 8 | 12 |
| 9 | 10 | | | 11 | 12 | | |
| | | | 13 | | 14 | | |
| 15 | | | | 16 | | 17 | |
| 20 | | | | 19 | 20 | | |
| | | | 21 | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 16 जून 2007 को यह महिला अंतरिक्ष में लगातार सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला बनी (7)
5. प्रणाम, अभिवादन, नमस्कार (3)
7. सेवा करना वाला, नौकर (3)
8. व्रत, उपवास (उर्दू)(2)
9. मादा या आवेश में आना (4)
13. प्रकाश की किरण, अर्धप्रकाश (1)
14. टूटने-फूटने आदि से उत्पन्न शब्द (2)
15. गति (3)
17. अधिकार, शक्ति, पर्याप्त है कि, समाप्ति सूचक शब्द (2)
18. प्रहार करने की क्रिया (2)
19. गवाह का कथन, साक्ष्य (3)
21. बलमा, प्रेमी, साजन, इस फिल्म मे देवानंद के साथ मीना कुमारी व सुरैया थी (1951) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुराणानुसार महाराजा जनक की पत्नी का नाम, सुलोचना (4)
2. कड़वी छाल वाले इस वृक्ष की पत्तियां औषधि बनाने के काम में आती है (2)
3. इन्हें सम्राट अकबर के नवरत्नों में गिना जाता है, इनका मूल नाम रामतनुमाल था (4)
4. काबिलीयत, योग्यता, गुण, पात्रता (4)
6. संवारना, आकर्षक और सुंदर बनाना (3)
8. रूपयों का लेन-देन का हिसाब सबंधी बही (5)
10. बंधक बनाया हुआ, जिसे अपराध के सिलसिले में पकड़ा गया हो (4)
12. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
15. प्रस्थित, भेजा गया (3)
16. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते है, तल्लीनता, ध्यान लगाने का भाव (3)
20. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5362 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | | गो | दा | व | री |
| ग | ज | ट | | दा | ता | र | |
| खु | | स्थ | ग | न | | या | मा |
| ल | य | | र्ज | | सं | त्रा | य |
| ना | ज | नी | न | | ता | | |
| | मा | | क | मी | न | गा | ह |
| जा | न | व | र | | ही | र | क |
| ट | | | ना | दा | न | | ला |

# मोबाइल स्विच ऑफ करने से ऑन होंगी खुशियां

घर के लॉन में, सड़क पर, पार्क में, समुद्र के किनारे बच्चा जहां भी जाता है वह उसके साथ होता है। बारिश में फिसलन भरी सीढ़ियों पर चढ़ने में उसे थोड़ी दिक्कत आती है, लेकिन वह पीछा करना नहीं छोड़ता। यह विज्ञापन जिसने भी देखा है, जरूर याद होगा उसे। एक बच्चे और पग की प्यारी-सी कहानी। पग डॉगी की एक नस्ल है और इस विज्ञापन ने उसे भारत में मशहूर कर दिया था, खासतौर पर बच्चों के बीच। यह एड था एक मोबाइल नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर कंपनी का, जो कहना चाहती थी कि जहां जाइएगा हमें पाइएगा।

नया-नया जमाना था वह मोबाइल का। नए रिश्ते की तरह आम जीवन में आया मोबाइल अच्छा ही लगता था तब। लेकिन, अब रिश्ता पुराना हो चला है, पीछा भी लंबा हो चला है। हमेशा चिपक कर साथ-साथ चलने वाली यह आदत अब अच्छी नहीं लगती। थोड़ा स्पेस चाहिए, वक्त चाहिए। तो क्यों नहीं मोबाइल को स्विच ऑफ कर लेते?

जब वह एड आया तब नेटवर्क बड़ी प्रॉब्लम हुआ करता था, लेकिन अब हमेशा की कनेक्टिविटी बड़ी प्रॉब्लम बन चुकी है कई लोगों के लिए। कोई समय नहीं होता, जब आप अकेले हों। आपने क्या देखा, क्या ऑर्डर किया, कहां गए और क्या खरीदा। इस कनेक्टिविटी की मेहरबानी से सब पर इंटरनेट की नजर है। ऐसे में कई बार खीझ होने लगती है, चिढ़ मचने लगती है मोबाइल की ट्रिंग-ट्रिंग और नोटिफिकेशन की पिंग-पिंग सुनकर। इस सिरदर्द से दूर होने और आनंद का नया रास्ता तलाशने का एक ही तरीका है, स्विच ऑफ।

यकीन जानिए, मोबाइल बंद करना खुशियों का रास्ता खोलना है। ऐसा लगेगा कि आप सारे सवालों से मुक्त हो चले हैं। कॉल, मेसेज, मेल का झंझट कुछ देर के लिए खत्म। इस समय जवाबदेही होगी तो सिर्फ खुद के लिए। अहसास नहीं होता, लेकिन मोबाइल ने हमें गुलाम बना लिया है अपना। हमें लगता है कि फोन हम इस्तेमाल कर रहे हैं, पर दरअसल हम इस्तेमाल हो रहे होते हैं। स्विच ऑफ बटन दबाकर ऑन किया जा सकता है अहसास आजादी का।

मोबाइल के चंगुल से छूटने के बाद पता चलता है कि हमारे पास कितना वक्त है जिस पर अभी तक इस डिवाइस ने कब्जा किया हुआ था। अपना अधिकार अब आपको वापस मिल चुका है। मोबाइल की स्क्रीन से निकल कर अब लौट सकते हैं वास्तविक दुनिया में, जहां संवाद के लिए किसी नेटवर्क की जरूरत नहीं पड़ती। जहां क्लिक, शेयर, लाइक, सब्सक्राइब या अपलोडिंग के लिए कोई डेटा खर्च नहीं होता। यहां सब कुछ लाइव है और सारे काम बन जाते हैं एक मुस्कान से।

कितने रिश्ते, कितनी मुलाकातें, खाने का स्वाद, किस्से-कहानियां - मोबाइल से छूटने के बाद पता चलेगा कि इसके चक्कर में आपसे क्या-क्या छूट गया था। यानी यही असली फेयर आफ मीसिंग (फोमो) होना चाहिए, वह नहीं जो मोबाइल हमें बताता है। मोबाइल बंद हुआ है, तो अब जोक सुनकर और सुनाकर हंसिए, पढ़कर नहीं। खुशियां फॉरवर्ड कीजिए आमने-सामने, दूर बैठकर बटन से नहीं। मोबाइल स्विच ऑफ कर आप मौका बना सकते हैं दुनिया को फिर से समझने का। यह जानने का कि सबकुछ अब भी जज्बात और मेल-मिलाप से चलता है, अंगूठे के इशारे से नहीं।

टेक डिवाइस से कुछ अरसा दूर रहने को कहा जाता है डिजिटल डीटॉक्स का शाब्दिक अर्थ होता है शरीर से जहरीले पदार्थों को बाहर निकालना। मोबाइल जैसी टेक डिवाइस बहुत मददगार है हमारे लिए, लेकिन यह कुछ जहरीले तत्व भी दे रही है हमें। बेचैनी, नींद का गायब होना, रिश्तों में दूरी, तनाव ये वो साइड इफेक्ट हैं, जो मोबाइल ज्यादा इस्तेमाल करने वालों को मिलते हैं। इसकी नीली रोशनी में बहुत कुछ धुंधला हो जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपको विशेष सम्?मान की प्राप्ति होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके लिए भौतिक विकास के योग अच्छे हैं। आज आपके लिए शुभ योग बन रहे है। रात में आपकी कोई डील फाइनल हो चुकी है। आप मंगल उत्?सव में शामिल होंगे। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### वृषभ

आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी स्?थान की यात्रा पर जाने के बारे में सोच सकते हैं। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्?त होगी और आप स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी और भाग्?य साथ देगा। परिवार मे हर्ष मंगलमय परिवर्तन होने से मन प्रसन्?न होगा।

### मिथुन

आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने मे आपका दिन बीतेगा। आज जो काम आपको सबसे प्रिय है वह करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग मे आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### कर्क

आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल आपको उसी वक्?त मिल जाएगा। आज आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और ऑफिस में जरूरी चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके काम करने के लिए अनुकूल माहौल रहेगा। आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में कहीं सामाजिक कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### सिंह

आज भाग्?य का साथ मिलेगा और आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्त रखने वाला है। आपको आज पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डाल सकते हैं। रात का वक्?त मांगलिक कार्य में बीतेगा। आपको कहीं यात्रा पर जाने के मौके मिल सकते हैं।

### कन्या

आज आपस मे बातचीत में सावधानी रखने की जरूरत है। वरना आस पास के लोगों से टकराव की नौबत आ सकती है। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात के वक्?त स्थिति में और सुधार होगा और आप हर काम ईमानदारी से करेंगे।

### तुला

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्य आपस में खुश होंगे। कई दिनों से चली आ रही पैसों की समस्?या का अंत होगा। आपके कारोबार के मामले में लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा।

### वृश्चिक

आज कुछ पैसों के मामले में आपको संभलकर काम करने की जरूरत है। आज का दिन आपकी कोई बीमारी की जांच करने में बीतेगा। आज आपके घर में कोई मेहमान आकर डेरा डाल सकता है और इससे आपका काम बढ़ेगा। साथ ही आपका बजट भी बिगड़ सकता है।

### धनु

आज खुशी का दिन है और आज आपके लिए धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### मकर

आज आपके लिए आर्थिक मामलों में दिन शुभ है। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर और सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े में विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### कुंभ

आज निर्मूल विवाद से आपको सफलता मिलेगी। अपनी बुद्धि से कार्य में सफलता प्राप्?त होगी। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें। आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपका भाग्?य देगा और आपके सम्?मान में वृद्धि के योग हैं।

### मीन

आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें। संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आपको मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती हैं, सावधान रहें।



# सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 55वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में मुंबई की टीम प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेगी जबकि हैदराबाद अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी।

मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्या और तिलक की 100+ रनों की साझेदारी की बदौलत मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

## मुंबई की सात विकेट से जीत

मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की। आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है। मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरुआत हुई।

सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

Saudi Smash 2024

# मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया। मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गईं, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रविवार को रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह मंगलवार को अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।

### यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि

भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की।

मैं अपने कोच अमन बाल्गु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने अगले मैच में इस जज्बे को बरकरार रखूंगी।

### हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने अल्वारो रोबल्स और मारिया जिओ की स्पेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-2 (11-5, 5-11, 3-11, 11-7, 11-7) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले चिली के निकोलस बर्गोस और पॉलिना वेगा की जोड़ी को 3-2 (11-7, 9-11, 11-4, 4-11, 11-5) से हराया था। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी ने मरियम और मारवा अल्होदाबी को 3-0 (11-7, 1-3, 11-4) से हराकर प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

# बुमराह को आराम देने पर बोले कोच पोलार्ड



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है।

मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी। टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है।

मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटना चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है।

चैंपियंस ट्रॉफी :

# टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा भारत?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है और भारतीय टीम के इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर संशय है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस बारे में बयान दिया है। शुक्ला के अनुसार, अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने पर फैसला केंद्र सरकार की इजाजत पर निर्भर करेगा।

### दोनों देशों के बीच नहीं खेली जाती है द्विपक्षीय सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। भारत और पाकिस्तान की टीमें आखिरी बार पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान भिड़ी थी जिसमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अगले महीने न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप के दौरान ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जाएगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से पहले कई कारकों पर चर्चा की जाती है जिसमें राजनयिक और सुरक्षा पहलू भी शामिल है। सुरक्षा मुद्दे और इतिहास को देखते हुए भारत का टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर कोई भी फैसला सावधानी से तथा अधिकारियों से चर्चा के बाद ही लिया जाएगा।

# महिला टी-20 में भारत का बांग्लादेश पर जीत का चौका

- भारत ने मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता
- सीरीज में 4-0 की बढ़त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत का चौका लगाया। चौथा टी-20 बारिश से बाधित रहा, जिस वजह से मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया। भारत ने यह मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में भारतीय महिला टीम ने 4-0 की बढ़त बना ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 6 विकेट पर 122 रन बनाए। उसकी ओर से प्लेयर ऑफ द मैच हरमनप्रीत ने 26 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 68/7 का स्कोर ही बना सकी।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर शेफाली वर्मा 4 स्कोर पर आउट हो गई। उन्होंने 4 गेंदों में केवल 2 रन ही बनाए। वहीं स्मृति मंधाना भी 18 गेंदों पर 22 रन बना कर लौट गई। वहीं हेमलता भी 14 गेंदों पर 22 रन बनाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। हरमनप्रीत कौर ने 39 और ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई।




### लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी बांग्लादेश की टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत काफी धीमी रही और टीम पावरप्ले के चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन ही बना सकी। टीम ने इस दौरान मुर्शीदा खातून (01) का विकेट गंवाया जिन्हें दीप्ति ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच कराया। दिलारा 25 गेंद में दो चौकों से 21 रन की धीमी पारी खेलने के बाद दीप्ति की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हो गई। एक गेंद बाद रूबिया भी रन आउट हो गईं। शोभना ने कप्तान निगारा सुल्ताना (01) को एल्बीडब्ल्यू आउट किया जिससे चार गेंद के भीतर बांग्लादेश का स्कोर एक विकेट पर 38 रन से चार विकेट पर 39 रन हो गया।

बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 68 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने 2-2 विकेट लिए। वहीं पूजा और राधा यादव को 1-1 विकेट मिले।

टी-20 वर्ल्डकप

# युगांडा ने अनोखे तरीके से टीम का किया एलान, 43 वर्षीय नसुबुगा को भी मिली जगह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कई टीमों ने खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।

इस वैश्विक टूर्नामेंट में पहली बार 20 टीमें हिस्सा ले रही है और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी जिसमें से चार टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। हाल ही में भारत ने भी रोहित शर्मा की अगुआई में टीम घोषित की थी। हालांकि, पहली बार टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही युगांडा की टीम ने अनोखे अंदाज में टीम घोषित की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

न्यूजीलैंड ने भी टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित करते समय अनोखा प्रयोग किया था जिसमें उन्होंने दो बच्चों के द्वारा खिलाड़ियों की घोषणा की थी। अब युगांडा की टीम ने भी नया तरीका अपनाया जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। युगांडा ने एक वीडियो जारी कर टीम की घोषणा की जिसमें एक व्यक्ति बाजार, नाइट क्लब, जिम जा रहा है और हर जगह उसे एक खिलाड़ी के नाम का कार्ड दिया जा रहा है। वह व्यक्ति युगांडा क्रिकेट टीम की जर्सी पहना हुआ है। मालूम हो कि युगांडा ने पिछले साल नवंबर में रवांडा पर नौ विकेट से जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।

युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। ब्रायन मसाबा टीम के कप्तान होंगे, जबकि रियाजत अली शाह उपकप्तान होंगे।

युगांडा की टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ तीन जून को गुयाना में होने वाले मैच से करेगी। युगांडा की टीम ग्रुप-सी में शामिल है जिसमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज भी मौजूद हैं।

### युगांडा की टीम इस प्रकार है...

ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उपकप्तान), केनेथ वायसवा, दिनेश नकरानी, फ्रैंक नसुबुगा, रौनक पटेल, रोजर मुकासा, कोसमस किवुता, बिलाल हासुन, फ्रेड एचेलम, रॉबिंसन ओबुया, सिमॉन सेसाजी, हेनरी सेंयोंडो, अल्पेश रामजानी, जुमा मियाजी।

**रिजर्व:** रोनाल्ड लुताया, इनोसेंट मवेबजे

अगर डेवोन कॉनवे उपलब्ध होते तो...

# मजबूरी में आईपीएल 2024 खेल रहे हैं एमएस धोनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 के अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला के मैदान पर 16वें ओवर के आखिर में 122 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी तो हर किसी को उम्मीद थी कि आज एमएस धोनी को जल्दी बल्लेबाजी के लिए आना पड़ेगा और एक बड़ी और तेजतर्रार पारी उनके बल्ले से देखने को मिलेगी। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। उनसे पहले शार्दुल ठाकुर बल्लेबाजी के लिए आए और ऐसे में धोनी की आलोचना हुई कि अगर वे ऊपर बल्लेबाजी नहीं कर सकते तो उनको क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। हालांकि, सच्चाई कुछ और है। एमएस धोनी चोटिल हैं।

दरअसल, रिपोर्ट की मानें तो एमएस धोनी के पैर में चोट है। इस वजह से वे ज्यादा भाग-दौड़ नहीं कर सकते। यही वजह है कि एमएस धोनी आखिरी के एक या दो ओवर में बल्लेबाजी के लिए आते हैं। सीएसके के सूत्रों ने बताया है कि एमएस धोनी के पैर की एक मसल फटी हुई है, जिसके कारण वे तेज नहीं दौड़ सकते। सूत्र ने बताया है कि वे पूरा आईपीएल इस समस्या के साथ खेल रहे हैं। इसके पीछे की वजह एक और है कि टीम में कोई अन्य विकेटकीपर नहीं है।

डेवोन कॉनवे टीम का हिस्सा थे, लेकिन वे भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।



# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर विभिन्न लंबित प्रकरणों व शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में सभी लंबित कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में भी निर्देशित किया। इसके अलावा लोकसभा निर्वाचन में मतदानकार्मिकों के मानदेय वितरण व वेण्डर्स को राशि के भुगतान की समीक्षा कर बजट उपलब्धतानुसार अविलंब लंबित भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गत 27 दिसम्बर को एसीएस की अध्यक्षता में संपन्न हुई संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं आगामी 13 मई को प्रस्तावित समीक्षा बैठक की तैयारी के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं व बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत तालाब निर्माण कार्यों तथा अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी भी ली। जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत कार्यों की ग्रामवार सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जनकपुर में प्रस्तावित डायमंड पार्क के कार्यों व परंपरागत व्यवसाय एवं शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए मार्केट लिंकेज की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में विभिन्न विभाग अंतर्गत अवमानना याचिकाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों में डायरी संधारित करने व अवमानना याचिका के तहत मूल आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर पालन न होने की स्थिति में कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन मामलों में अधिकारी लापरवाही की प्रवृत्ति से बचें और समय-सीमा में न्यायालयीन आदेश का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित कराएं।

जिला कलेक्टर द्वारा बैठक में गेहूं एवं सरसों, चना व मसूर फसल के समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई। बताया गया




कि गेहूं के उपार्जन उपरांत अब तक लगभग 78 प्रतिशत स्कंध का परिवहन हो चुका है। किसानों को लगभग 35 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। 53 खरीदी केन्द्रों में से 31 केन्द्र गोदाम स्तरीय हैं। कलेक्टर ने एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं खरीदी उपरांत त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन व भण्डारण सहित किसानों को राशि भुगतान के कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शुरूआती स्तर पर ही एफएक्यू क्वालिटी के गेहूं का उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दो दिवस में 90 प्रतिशत से अधिक परिवहन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। उन्होंने उप संचालक कृषि से सरसों, चना व मसूर के उपार्जन कार्य की जानकारी लेकर सभी 23 केन्द्रों पर परिवहन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधीनस्थ अमले के माध्यम से विभागीय समन्वय के साथ आवक अनुसार केन्द्रों पर वारदाना वितरण कराने के लिए कहा। उन्होंने नसीहत दी की अधिकारी-कर्मचारी बगैर दबाव व लालच के उपार्जन कार्य सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाली सोसायटी को नोटिस जारी करने की बात कही।

कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों सहित दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता की निरंतर मॉनीटरिंग कर किसी भी समस्या के तत्काल निवारण के लिए संबंधी अमला अलर्ट रहे। किसी भी स्थिति में पेयजल समस्या विकराल रूप न ले। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को शहरी निकायों में गत वर्ष संचालित टैंकर तथा एक वर्ष की अवधि में वांछित सुधार के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय व निजी बोरवेल को स्टील कैप व क्रांक्रीट बेल्ट से ढकने की कार्यवाही करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में बोरवेल खुला न रहे। आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ की निर्धारित सूचकांकों के आधार पर संबंधित विभागवार अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संस्थागत प्रसव व एएनसी पंजीयन के बारे में अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से एनसीपीसीआर रिपोर्ट के बारे में जानकारी लेकर आगामी 10 मई को अजयगढ़ में दिव्यांग शिविर लगाने के निर्देश दिए। शिविर में पूर्व की भांति मेडिकल बोर्ड आयोजित करने तथा आधार बनाने व अपडेशन कार्य सुनिश्चित कराने के लिए कहा। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को एसडीएम के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर रूंझ बांध के निर्माण के संबंध में सभी मुद्दों के अविलंब निराकरण के निर्देश दिए। रूंझ बांध के विस्थापित परिवारों को पात्रतानुसार मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित कराने व एलडीएम को संबंधित प्रभावित परिवार के सदस्यों के बैंक खाता में किन्हीं कारणोंवश राशि का भुगतान नहीं होने पर समय-सीमा में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला संयोजक को विद्यार्थियों के प्रोफाइल डाटा अपडेशन के संबंध में जरूरी कार्यवाही के लिए कहा।

सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों को स्वत: संज्ञान लेकर संतोषप्रद जवाब के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बजरंग धाम रैपुरा मे तथा जिला मुख्यालय में मनाई गई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती




**पन्ना।** सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती जिले के अनेक स्थानो पर धूमधाम के साथ मानाई गई इस्त्री क्रम मे रैपुरा नगर के बजरंग धाम में भव्य रूप से जयंती मनाई गई जिसमें सुबह 8 बजे से बजरंग धाम मंदिर रैपुरा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन पंडित मदन मोहन द्वारा किया गया तत्पश्चात संत शिरोमणि सेन जी महाराज के छायाचित्र पर तिलक वंदन कर पूजा अर्चन करते हुए हवन किया गया और विशाल भंडारा किया गया तपश्चात मंचियो कार्यक्रम किया गया जिसमें मंच के मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रेसी सेन, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट ध्रुव लोधी, पूर्व सरपंच विजय मोदी ,महेंद्र लोधी , कवि राजीव खरे, बीपी लोधी, दयाराम लोधी, केसरी लोधी शिक्षक, बल्लू जैन कैलाश जैन एवं समाज के समस्त प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे इसी प्रकार पन्ना जिले मे बस स्टेन्ड स्थित सेन सेन समाज के कार्यलय मे सेन महाराज की जयंती भव्य रूप से मनाई गई जिसमे समाज के अनेक लोग शामिल रहे जिसमें प्रमोद सेन गुडडा समारी अमितसेन प्रदीप सेन मनमोहन सेन मनोज सेन रामचन्द्र चन्द्रभान सेन रमेश सेन आनंद सेन अनीराम सेन गणेश सेन आरती सेन एस डी वर्मा ममता सेन अनीता सेन चक्रेश हरीनारायण सेन राजू जमुना प्रसाद अशोक राम सेवक रमेश समारी नथ्तु सेन संजय पंचम मंगल गोपाल दीपक लक्ष्मी आदि लोग शामिल रहे ।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक संपन्न

**भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव के संबंध में बैठक में हुई चर्चा**

**पन्ना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में दिनांक 05 मई को बैठक का आयोजन परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राजीव तिवारी के निज निवास शास्त्री भवन में किया गया जिसमें बैठक में सर्वप्रथम विप्रकुल गौरव भगवान परशुराम जी का विधि विधान के साथ पूजा आरती की गई तत्पश्चात बैठक की शुरुआत की गई जिसमें आगामी 10 मई को भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई जिसमें बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 मई को पन्ना शहर के बेनीसागर तालाब के पास स्थित क्षीरसागर में सुबह 8 बजे संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात शुभ मुहूर्त पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव विधि विधान के साथ मनाते हुए प्रसाद वितरण किया जाएगा साथ ही बैठक में बताया गया कि भगवान परशुराम की शोभा यात्रा के दौरान परिषद के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जायेगा परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राजीव तिवारी ने परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गणों से निवेदन किया है कि हमारे आराध्य भगवान श्री परशुराम के प्रगटोत्सव के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारे आयोजित बैठक में मुख्य रूप से आर.डी.शुक्ला,राजीव तिवारी, रविंद्र द्विवेदी,कौशलेंद्र पांडेय, एडवोकेट आनंद त्रिपाठी, संदीप चैरहा , आशीष दुबे, दुर्गेश त्रिपाठी, वीरेंद्र त्रिपाठी, बृजेश गौतम, पंकज द्विवेदी, सुनील कुमार पांडे, महेश गंगेले, अजय तिवारी, राकेश तिवारी, पंकज गर्ग,संदीप पांडेय,धीरज

## किराना दुकान में बिक रही थी अवैध शराब, पुलिस ने की कार्यवाही

**पन्ना।** सलेहा थाना पुलिस ने जानकारी मिलते ही तात्काल मौके पर पहुंच कर किराना दुकान से अवैध 25 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त कर किराना दुकान के संचालक आरोपी दशरथ पटेल के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34( 1) की कार्यवाही की गई सलेहा पुलिस ने अवैध शराब को जब्त करते हुए मामले को विवेचना में लिया है वहीं इस विषय में थाना प्रभारी सरिता तिवारी ने कहा है हमारे संज्ञान में अगर कोई भी अवैध मादक पदार्थ विक्रय परिवाहन जैसे ही संज्ञान में आयेगा तात्काल पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जाएगी गौरतलब है कि सलेहा थाना क्षेत्र मे गांव गांव अवैध गांजा शराब की बिकी हो रही है जिसके खिलाफ सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है ।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए निर्देश जारी

**पन्ना।** अक्षय तृतीया के अवसर पर प्राय: अत्यधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के लिये शासन स्तर से प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। महिला बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने के लिये प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम में सूचना तंत्र गठित कर सक्रिय किया जाये। सूचना तंत्र में शिक्षक, आशा, एएनएम, स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल की अध्यक्ष, समन्वयक, सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच, पंच, सचिव एवं ग्राम के नागरिकों को शामिल किया जाये। सूचना तंत्र के सहयोगी क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना से जिला प्रशासन एवं दूरभाष पर जिला कंट्रोल रुम को अवगत करायेंगे। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति बाल विवाह की सूचना नजदीकी थाना, चाईल्ड लाइन नंबर 1098 एवं सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर दे सकता है। संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि बाल विवाह जैसी कुरीति पर रोकथाम के लिये विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं (प्रिटिंग प्रेस, हलवाई, केटरिंग, धर्मगुरु, बैंडवाला, ट्रांसपोर्टर) एवं समाज के मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कार्यशाला जिला व खंड स्तर पर आयोजित की जाये। उन्हें बताया जाये कि बाल विवाह में अपनी सेवायें नहीं प्रदान करें। विवाह के पूर्व वर-वधु के उम्र संबंधी दस्तावेंजो का परीक्षण करने के बाद ही अपनी सेवायें देंगे। इसके साथ ही सामूहिक विवाह करने वाले आयोजकों से इस आशय का शपथ प्राप्त करेंगे कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह नहीं करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बाल विवाह की कुरीति को समाप्त करने के लिए वर्ष 2013 से लाड़ो अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के परिणामस्वरूप अब तक परामर्श से ही बड़ी संख्या में बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। लाड़ो अभियान के तहत लोगों को व्यापक स्तर पर बताया जा रहा है कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा-9, 10, 11 और 13 के अन्तर्गत बाल विवाह कराने अथवा उसमें सहयोग देने वालों के लिए दो वर्ष का कारावास अथवा एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

## जगदीश चंद्रकृष्ण प्रसाद भट्ट को महंत पद से किया गया अलंकृत

**पन्ना।** श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, ग्राम-पिपलाता, जिला-खेड़ा, तालुका-नडियाड से श्री जगदिशचंद्र कृष्णप्रसाद भट्ट ने गुरुजनों के सान्निध्य में रहकर श्री राजजी के कार्य हेतु अपनी व्यक्तिगत साधना और समर्पित भावना के फलस्वरूप सेवाभावी सुन्दरसाथ के सहयोग से पूर्णब्रह्म स्वरूप महामति श्री प्राणनाथ जी की ब्रह्मवाणी श्री तारतम सागर के ज्ञान से समाज में जागरुकता एवं उत्कृष्ट सेवाएं गुजरात के खेड़ा, आनंद, पंचमहाल, साबरकांठा, दाहोद इत्यादि गांवों में जागनी कार्य के साथ-साथ कई सेवा प्रकल्पों के संचालन से जरूरतमन्दों की सेवा



की और लोगों के बीच जाकर आत्म-जागरण अभियान को गति प्रदान की ।ऐसे पावन एवं पुनीत कार्य सम्पन्न , निरंतर सत्संग, कथा, प्रवचनों से लोगों को धर्म की ओर संलग्न करने एवं पन्ना धाम के प्रति संपूर्ण निष्ठा रखने के साथ ही श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम, पन्ना द्वारा समस्त विद्वज्जन, पुजारीगण एवं गणमान्य सुन्दरसाथ की उपस्थिति में सुन्दरसाथ जगत के सर्वोच्च दरवार श्री बंगला जी से महन्त पद से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे । जिसमे उपाध्यक्ष अमरेश शर्मा सचिव श्री अभय शर्मा न्यासी श्री चन्द्रकृष्ण त्रिपाठी न्यासी श्री राकेश शर्मा उपप्रबंधक श्री आशीष शर्मा धर्मपोदेशक पं श्री खेमराज शर्मा धर्मोपदेशक पं श्री श्यामबिहारी दुबे पुजारी श्री रोशनलाल त्रिपाठी पुजारी श्री पवन कुमार शर्मा पुजारी श्री बृजप्रकाश शर्मा पुजारी श्री अनिरुद्ध धामी पुजारी श्री रितुराज शर्मा आदि लोग सामिल रहे।

## गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

**पन्ना।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन कार्य जारी है। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई-उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई-उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं।

## कोविशील्ड टीका लगवाने के मामले को लेकर ज्ञापन आठ मई को

**पन्ना।** कोविशील्ड से साइड इफेक्ट का मामला सामने आने के बाद अब कोविशील्ड टीका लगवाने वाले व्यक्तियों की चिंता बढ़ने लगी है इसके साथ ही अब वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्तियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार और मौत होने पर उनके वारिशों को आर्थिक क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग भी उठने लगी है इस संबंध में महंत एवं एडवोकेट पंडित राजेश दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटेन में द टेलीग्राफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूको की फार्मा कंपनी



एक्स्ट्राजैनिका ने लंदन की कोर्ट में स्वीकार किया है कि ऑक्सफोर्ड के साथ एस्ट्रेजेनिका कोरोना वायरस की वैक्सीन से साइड इफेक्ट देखने को मिले हैं। भारत में इस वैक्सीन को हम कोविशील्ड नाम से जानते हैं जिसका भारत में निर्माण पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने किया था, फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनिका ने गंभीर बीमारी थ्रोम्बोसिस के साथ थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम टीटीएस होना स्वीकार किया है। उक्त मामले को लेकर 8 माई को जिला कलेक्टर के मांग ज्ञापन सोपा जायेंगा जिसके संबंध में वरिष्ट अधिवक्ता ने बताया कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण तथा जनता को जीवन से जुडा हुआ मामला है जिसमे सभी लोग 11 बजे उपस्थित होने का कष्ट करें ।

## खेत में सो रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या, नाबालिग समेत 3 घायल

**मैहर।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में खेत में सो रहे एक किसान की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। इस घटना में नाबालिग समेत 3 लोग घायल होने की सूचना है। देर रात एक युवक महिला की अहरी में आ घुसा और वहां नाबालिग लड़की से जोर जबरदस्ती करने लगा। लड़की ने शोर मचाया तो महिला भी वहां आ गई। आरोपित ने लड़की और महिला पर हमला कर दिया। वहां एक छोटा लड़का भी था लेकिन उसने उसे भी नहीं बख्शा। एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल बोले-रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा में रात को शंभु पटेल उम्र 52 वर्ष की खेत में धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। अधिया में खेत लेकर खेती-किसानी करता था। जिस वक्त यह वारदात हुई वह खेत में प्याज की फसल की निगरानी करने के लिहाज से वहां बनी अहरी में था।

## सहकर्मी के साथ दुष्कर्मी के आरोपित को कोलगवां पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सतना।** महिला के साथ दुष्कर्म कर उसके वीडियो बनाने और इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले युवक को कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोलगवां थाना पुलिस ने 32 वर्षीय एक विवाहित महिला की शिकायत पर एक 28 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित नेटवर्क मार्केटिंग की एक कंपनी में काम करता है। उसने अपनी सहकर्मी के साथ बलात्कार कर उसके वीडियो बनाए और ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि कंपनी में काम के दौरान उसका संपर्क आरोपित से हुआ था। 2017 में एक दिन काम में व्यस्तता के कारण सतना शहर में ही रात हो जाने पर आरोपित उसे घर छोड़ने गया था, लेकिन रास्ते में उसने एक सुनसान जगह पर दुष्कर्म किया। उसके बाद वह पीड़िता पर लोगों को बता देने की धमकी देकर दबाव बनाने लगा और लगातार दुष्कर्म करता रहा। अपने किराये के कमरे में बुला कर भी उसने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिए। उन वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देकर पीड़िता से 2022 में 40 हजार लेकर बाइक फाइनेंस कराई और उसकी मासिक किश्त जमा करने के लिए भी दबाव बनाने लगा। वह उससे अब तक 78 हजार रुपये ऐंठ भी चुका है। अपने पति को भी छोड़ देने के लिए कहता था। पिछले दिनों 5 फरवरी को भी उसने वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करने की धमकी देकर जबरदस्ती की। जब सब्र का बांध टूटा तो महिला कोलगवां थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

## हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 7 जून तक

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 1 मई से भरने शुरु हो गये हैं। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ऑफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गहराता जा रहा जल संकट

**भाजपा के हर घर नल जल योजना के दावे हो रहे खोखले साबित**

**पानी की समस्या को लेकर सवाल पूछते ही भड़के भाजपा के विधायक प्रहलाद लोंधी**

पन्ना

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलिक क्षेत्रो मे भारी जल संकट की समस्या से उतपन्न हो गई उसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्यपालन यंत्री पीएचई गहरी नींद मे सो रहे है तथा नल कूप खनन तथा नल जल योजनाओ के फर्जी गिल लगाकार भारी भ्रष्टाचार करने मे लगे हूये है उनके द्वारा पूर्व से जल संकट को लेकर कोई कार्ययोजना नही बनाई और न ही समस्या निराकरण के उपाय किये है ।जहां पर पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे जल स्तर भी घटता जा रहा है और पानी की समस्या अत्यधिक बढ़ती जा रही है लेकिन इस और ना किसी जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित हो रहा है ना जिले में बैठे आला अधिकारियों का पानी की यह विकट समस्या तो पूरे पन्ना जिले में बनी हुई है लेकिन इसका कोई समाधान कई वर्षों से होते सरकार जिला प्रशासन द्वारा पेयजल को लेकर करोडो की योजनाये संचालित करने का दावा किया जा रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है हर घर नल जल योजना की भी बात बड़े-बड़े मंचों से भाजपा के नेताओं द्वारा की जाती है । लेकिन इसमें कोई सच्चाई नही है उदाहरण के तोर पर पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनेको ग्रमों मे लोगो को पीने के पानी के लियें कई किलोमीटर दूर जाना पड रहा है लोगो द्वारा जन प्रतिनिधियों को समस्या बताने का उलटा जिम्मेदार जन प्रतिनिधि डाटफटकार भी लगाते है गत दिवस पेयजल की समस्या को लेकर एक संवाददाता द्वारा पवई विधानसभा भाजपा के विधायक प्रहलाद लोधी से पानी की समस्या को लेकर सवाल किया गया तो विधायक जी भड़क उठे और बोले तुम कैसे पत्रकार हो तुम्हें कुछ दिखता भी है या नहीं हर जगह काम चालू है आखिर यह कैसा काम है जो वर्तमान विधायक 5 वर्ष पहले भी इस विधानसभा में विधायक रहे आए लेकिन पानी की समस्या की पूर्ति अपने विधानसभा क्षेत्र में नहीं कर सके जनता ने दोबारा विधायक बनाया तो मीडिया के सवाल पर विधायक महोदय भड़क उठे कई ग्रामीणों ने मिलकर ग्राम पंचायत में पानी की समस्या को लेकर सरपंच सचिवों को अपनी समस्या भी सुनाई लेकिन लगातार यह समस्या पन्ना जिले के ग्रामीण अंचल क्षेत्र में बनी आ रही है और इस समस्या का समाधान नजर नहीं आ रहा है आखिर बड़े-बड़े मंचों से विकास के दावे कर रही भाजपा सरकार के पानी की समस्या के आगे सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

